मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान मुस्तैद रही पुलिस

महादेवा, बस्ती। दीपावली के पावन पर्व पर मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न कराया गया। इस दौरान थाना लालगंज क्षेत्र के लालगंज स्थित कुआनो पुल पर श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां लक्ष्मी को नम आंखों से विदाई दी तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां लक्ष्मी को धन, वैभव और समृद्धि की देवी माना जाता है। भक्तों ने मां से सभी के जीवन में सुख-शांति, उन्नति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। विसर्जन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा।



वहीं, विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए लालगंज पुलिस पूरी सतर्कता के साथ तैनात रही। लालगंज चौकी प्रभारी अनंत कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुआनो पुल पर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यक्रम के दौरान सतर्कता बनाए रखी।

इस दौरान चौकी प्रभारी अनंत कुमार मिश्र के साथ आरक्षी सचिन कुमार, हेड कांस्टेबल जय प्रकाश यादव, आरक्षी अरुण कुमार एवं हेड कांस्टेबल बलिराम सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। आस्था के इस पर्व पर श्रद्धालुओं की भक्ति और पुलिस की मुस्तैदी ने कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कजाकिस्तान से एमबीबीएस कर लौटे डॉ. शिवांश ने एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

बस्ती। विकास क्षेत्र बहादुरपुर के सेमरा चींगन गांव निवासी समाजसेवी व शिक्षक प्रमोद पाण्डेय के पुत्र डॉ. शिवांश पाण्डेय ने विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) उत्तीर्ण कर परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कजाकिस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।डॉ. शिवांश की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से हुई। इसके बाद उन्होंने लखनऊ स्थित सेंट्रल एकेडमी से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाने के उद्देश्य से उन्होंने वर्ष 2021 में कजाकिस्तान की सेमेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रवेश लिया। यहां से जुलाई 2026 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। विदेश से मेडिकल की डिग्री हासिल करने के बाद भारत में चिकित्सा कार्य करने की पात्रता

◆दिल्ली में महज दो महीने की तैयारी के बाद हासिल की सफलता

प्राप्त करने के लिए आयोजित होने वाली विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) में शामिल हुए। उन्होंने दिल्ली में महज दो महीने की तैयारी के बाद परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। डॉ. शिवांश की माता नीलम पाण्डेय गृहिणी हैं और ग्राम पंचायत सेमरा चींगन की प्रधान भी रह चुकी हैं। पिता प्रमोद कुमार



पाण्डेय परिषदीय जूनियर हाईस्कूल में शिक्षक हैं। शिक्षकीय दायित्वों के साथ ही वह सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। शिवांश के बड़े भाई देवांकन पाण्डेय जयपुर में रहकर चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी कर रहे हैं।डॉ. शिवांश ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर लोगों की सेवा करना उनका लक्ष्य है। कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लक्ष्य स्पष्ट हो और खुद पर विश्वास हो तो कठिन से कठिन मंजिल भी हासिल की जा सकती है। विदेश में पढ़ाई के दौरान कई चुनौतियां आईं, लेकिन माता-पिता के विश्वास और अपनी मेहनत ने कभी हार नहीं मानने दी। मेरा सपना बेहतर चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना है।पिता प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि बेटे की इस उपलब्धि से पूरा परिवार गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि शिवांश ने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।डॉ. शिवांश की इस सफलता पर पूर्व मंत्री श्रीराम चैहान, राज्य मंत्री महेश शुक्ल,, भाजपा नेता अधिवक्ता देवानंद त्रिपाठी, दिलीप पाण्डेय, वरुण पाण्डेय, रमेश चंद्र पाण्डेय, प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार दूबे, अमरेश पाण्डेय, गोपेश्वर त्रिपाठी, पवन जयसवाल, पंकज मिश्र, अशोक उपाध्याय, रिंकू पाठक, दुर्गा प्रसाद ओझा सहित रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

श्रीरामलीला महोत्सव का आज शुभारंभ, मंच पर जीवंत होंगी रामकथा की दिव्य लीलाएँ

बस्ती। सनातन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपरा को जन-जन तक पहुँचाने और नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से सनातन धर्म संस्था द्वारा आयोजित होने वाले श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार से होगा। महोत्सव के प्रथम दिन विद्यालयों के बच्चों द्वारा रामायण की दो महत्वपूर्ण एवं भावपूर्ण लीलाओं का मंचन किया जाएगा।प्रथम प्रस्तुति में दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बस्ती के विद्यार्थी नारद मोह प्रसंग का मंचन करेंगे। इस लीला के माध्यम से देवर्षि नारद के अहंकार, भगवान विष्णु की लीला तथा अहंकार के त्याग का संदेश रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।इसके पश्चात डॉन वास्को स्कूल, बस्ती के विद्यार्थी पृथ्वी की पुकार एवं भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन करेंगे।



इसमें पृथ्वी पर बढ़ते अत्याचारों से व्यथित धरती की पुकार, देवताओं की प्रार्थना और अधर्म के विनाश तथा धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्रीराम के दिव्य अवतरण की कथा को मंच पर साकार किया जाएगा।महोत्सव की विशेषता यह है कि इसमें बच्चों को केवल मंच पर अभिनय करने का अवसर ही नहीं मिलता, बल्कि वे भारतीय संस्कृति, रामायण के प्रसंगों, आदर्शों और जीवन मूल्यों को स्वयं समझने तथा आत्मसात करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। बच्चों की सहभागिता से रामलीला की परंपरा नई पीढ़ी तक पहुँच रही है और उनमें अपनी संस्कृति एवं विरासत के प्रति गौरव का भाव जागृत हो रहा है।आयोजन समिति के सदस्य श्याम जी चैधरी ने बताया कि श्रीरामलीला महोत्सव का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक चेतना का प्रसार करना है। भगवान श्रीराम का चरित्र मर्यादा, त्याग, कर्तव्य, करुणा और आदर्श जीवन की प्रेरणा देता है। महोत्सव के माध्यम से इन्हीं आदर्शों को समाज और विशेषकर बच्चों एवं युवाओं तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।आयोजकों ने धर्मप्रेमी नगरवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने तथा श्रीरामलीला महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित

बस्ती। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा राजस्व विभाग में चयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में जनपद बस्ती के 14 नवनियुक्त कनिष्ठ सहायकों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र वितरित किए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 4,300 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी वितरित की। इसमें जनपद के 195 लाभार्थियों के खातों में कुल 9 करोड़ 67 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि ऑनलाइन अंतरित की गई।जनपद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनआईसी में लाभार्थी श्रीमती आशा, श्रीमती राजकुमारी, श्रीमती मंजू



दुबे एवं श्रीमती गीता देवी को प्रतीकात्मक चेक गो सेवा उपाध्यक्ष संजय चैधरी, विधायक कप्तानगंज के प्रतिनिधि गुलाब चन्द्र सोनकर, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह ने संयुक्त रूप प्रदान किए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्ञान चन्द्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, अपर सांख्यिकीय अधिकारी अजय कुमार चैधरी, तथा नायब तहसीलदार बस्ती सदर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद यादव, श्रीमती ज्ञानमती, श्रीमती निधि महेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष रहे।

कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना

सिद्धार्थनगर। यम द्वितीया के पावन पर्व पर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज की ओर से भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने विधि-



विधान से कलम-दवात की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री चित्रगुप्त की प्रतिमा के समक्ष मुख्य यजमान देवानंद श्रीवास्तव एडवोकेट और उनकी पत्नी के पूजन-अर्चन से हुई। पूजन कार्य पं. विजय कुमार मिश्रा ने कराया। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण और परिवार की सुख-शांति की प्रार्थना की। पूजा के दौरान कलम और दवात को विशेष रूप से पूजित किया गया। मान्यता है कि भगवान चित्रगुप्त मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। कायस्थ समाज इस दिन कलम की पूजा कर ज्ञान, बुद्धि और शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति की कामना करता है।

पूजन कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा। यहां से कायस्थों का कारवां जमुआर घाट के समीप स्थापित भगवान श्री चित्रगुप्त की प्रतिमा पर पहुंचा। वहां पर भी कायस्थ समाज के लोगों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे को यम द्वितीया और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर में प्रमोद श्रीवास्तव, लाल आनंद प्रकाश, केशव कुमार श्रीवास्तव, सुदीप श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, सुंधीर श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव श्रीश श्रीवास्तव, महेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र श्रीवास्तव समेत अनेक चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।

सुनील अग्रहरि ने छठ घाट की साफ सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

बढ़नी/ सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने छट के पावन पर्व को लेकर छठ घाट की साफ सफाई व्यवस्था का लिया जायजा।साफ सफाई



व्यवस्था से संबंधित नगर पंचायत के कर्मचारियों को दिया आवश्यक निर्देश। छट के पावन पर्व को लेकर छट घाट की साफ़-सफाई, सड़क का निर्माण कार्य एवं बैठने के लिए बैठक हाल की तैयारी का कार्य जोरों से चल रहा है! जिसके मद्देनजर आज दिनाँक 11/11/2026 को बढ़नी नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि द्वारा छट घाट पर हो रही तैयारियों का जायजा लिया गया एवं सबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया! साथ ही चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा हमारे नगर में छठ मैया की पूजा बहुत ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है! हमारी प्राथमिकता है कि छठ मैया के पूजन में हमारे नगर परिवार को किसी भी तरह की कोई असुविधा न हो जिसके लिए हम और हमारी टीम पूरी तन्मयता से लगी हुई है! हम अपने नगर परिवार को विश्वास दिलाते हैं कि हमारे नगर का छठ घाट बहुत ही खूबसूरत, अलौकिक एवं दिव्य दिखाई देगा।

भगवान चित्रगुप्त महाराज की विधि-विधान से हुई पूजा

इटवा (सिद्धार्थनगर)। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा धन्धरा में बुधवार को भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान चित्रगुप्त महाराज के प्रतिरूप के समक्ष कलम की पूजा कर अपनी लेखनी को सदैव सच्चाई, ईमानदारी और न्याय के मार्ग पर चलाने का संकल्प लिया।पूजन कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त महाराज का स्मरण करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। मान्यता है कि भगवान चित्रगुप्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। इसी आस्था के तहत कलम की पूजा कर लोगों ने अपनी लेखनी और कार्यों के माध्यम से सच्चाई का साथ देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर गिरीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्य और न्याय का पालन करना चाहिए। वहीं सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कलम की



पूजा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सत्य और ईमानदारी के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रतीक भी है। कलम की ताकत का उपयोग हमेशा सच्चाई को उजागर करने और समाजहित में किया जाना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में भगवान चित्रगुप्त महाराज से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव, अनमोल श्रीवास्तव, राज श्रीवास्तव, नैतिक श्रीवास्तव सहित श्रीवास्तव परिवार के अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र चिल्हियां अन्तर्गत सोमवार देर सायं टेकनार गांव के समीप तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल एवं साइकिल सवार दोनों घायल हो गये। हादसे के उपचार के दौरान साइकिल सवार युवक की जिला मेडिकल कालेज में मौत हो गई। मृतक की पहचान गुजरौलिया ग्रान्ट के टोला हरनहिया निवासी 35 वर्षीय पंचम पुत्र श्यामलाल के रूप में हुई। घायल का नाम 22 देवेश पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी ग्राम दत्तपुर मदरहना है। बता दें कि सोमवार को पंचम साइकिल से चिल्हियां बाजार निकले थे कि वापस अपने घर देर सांय लौटते समय पल्टादेवी मार्ग पर टेकनार गांव के पास पल्टादेवी की ओर से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। ग्रामीणों ने दोनों युवकों को सीएचसी शोहरतगढ़ पहुंचाया गया। चिकित्सक अर्जुन यादव ने पंचम की हालत गम्भीर देखकर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। उपचार के दौरान दौरान उसकी मौत हो गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य ने बताया कि उपचार के दौरान दुर्घटना में पंचम की मौत हो गई है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

जिला अस्पताल के निरीक्षण में सख्त दिखे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

संतकबीरनगर। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर उनका तेवर सख्त नजर आया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में लंबे समय से खड़ी कबाड़ एंबुलेंस को स्क्रैप कराने का निर्देश दिया। वहीं करीब दो वर्षों से खराब पड़ी सीआर मशीन को जल्द लगवाने और चालू कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग होना चाहिए, ताकि मरीजों को जांच और उपचार के लिए परेशानियों का



सामना न करना पड़े।

जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ, सर्जन और न्यूरो डॉक्टरों की कमी का मामला सामने आने पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने उच्चाधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती जल्द सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की चार बार सरकार रही, तब प्रदेश में गुंडे-माफियाओं का बोलबाला था, जबकि भाजपा सरकार में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। अखिलेश यादव के अयोध्या दर्शन को लेकर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कम से कम अब उन्हें भगवान श्रीराम के दर्शन करने की सद्बुद्धि आई है।

उपमुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण से जिला अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल रही। उनके सख्त रुख से स्पष्ट संदेश गया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और मरीजों की सुविधाओं के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

शोभायात्रा निकाल कर मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का किया विसर्जन

इटवा (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कस्बे में चल रहे लक्ष्मी पूजा महोत्सव का बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली और करहिया पुल के पास स्थित विसर्जन स्थल पर विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन किया।रामलीला मैदान में स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमा को श्रद्धालु शोभायात्रा के साथ विसर्जन स्थल तक ले गए। शोभायात्रा नगर पंचायत के चारों प्रमुख मार्गों से होते हुए कमला लालपुर पहुंची। श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर नाचते-गाते चल रहे थे और मां लक्ष्मी-गणेश के जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

देर शाम करहिया पुल के पास स्थित विसर्जन स्थल पर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की टीम मुस्तैद रही। इस अवसर पर शम्भुनाथ, आशीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया होटल डी वेलेनसिया का उदघाटन

संतकबीरनगर। खलीलाबाद में अब राजसी ठाठ, शाही अंदाज और आधुनिक सुविधाओं से भरपूर एक नई पहचान जुड़ गई है। NH-27 स्थित बजाज बाइक शोरूम के बगल में प्रतिष्ठित होटल DE VALENCIA - A Victorian Tale का भव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने होटल के मालिक एवं मशहूर उद्योगपति विवेक छापड़िया की जमकर सराहना करते हुए कहा कि संतकबीरनगर जैसे जनपद में इस तरह के आधुनिक और शानदार प्रतिष्ठानों की आवश्यकता है। ऐसे प्रतिष्ठान जिले की पहचान को नई ऊंचाई देने के साथ विकास की संभावनाओं को भी मजबूत करते हैं।

उद्घाटन समारोह में पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विवेक छापड़िया और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिष्ठान की स्थापना के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि होटल DE VALENCIA जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त परियोजनाएं सरकार की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाओं और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों के अनुरूप हैं। उन्होंने विवेक छापड़िया की पहल की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासों को सराहनीय बताया। उद्घाटन समारोह में मौजूद अतिथियों ने प्रतिष्ठान की भव्यता और आकर्षक साज-सज्जा की सराहना की। उद्योगपति विवेक छापड़िया की इस पहल को जिले के व्यापारिक एवं आतिथ्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस नई सौगात से खलीलाबाद को आधुनिक सुविधाओं और शाही मेहमाननवाजी के क्षेत्र में एक नया ठिकाना मिला है।

लंबित मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान

सिद्धार्थनगर। लंबित मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। प्रथम चरण में 13 नवंबर को जिले के सभी फार्मासिस्ट, चीफ फार्मासिस्ट सीएमओ कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देंगे। धरने के बाद सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद यादव और जिला मंत्री गोविन्द प्रसाद ओझा ने बताया कि द्वितीय चरण में 20 नवंबर को प्रदेशभर के फार्मासिस्ट महानिदेशक कार्यालय, स्वास्थ्य भवन लखनऊ पर धरना देंगे। वहीं से अग्रिम आंदोलन व हड़ताल की घोषणा की जाएगी। एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में फार्मासिस्ट का पदनाम फार्मेसी अधिकारी और चीफ फार्मासिस्ट का पदनाम चीफ फार्मेसी अधिकारी करना, सीमित औषधियों का पर्चा लिखने का अधिकार देना, नियुक्ति की न्यूनतम योग्यता बैचलर इन फार्मेसी, फार्म-डी करना और ग्रेड पे 4600 का वेतनमान देना शामिल है। इसके अलावा प्रभार भत्ता 75 रुपये से बढ़ाकर 750 रुपये प्रतिदिन करने, पदों का पुनर्गठन और वरिष्ठता सूची जारी करने की भी मांग की गई है।

तेज आवाज में डीजे बजाने पर, एक गिरफ्तार; डीजे लगी बोलेरो सीज

संतकबीरनगर। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ संतकबीरनगर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के बजरंगनगर में डीजे की आवाज को लेकर आपसी प्रतिस्पर्धा में अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाने और स्थानीय लोगों से विवाद करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही डीजे लगी बोलेरो गाड़ी को सीज कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 11 नवंबर को मां लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम कैसैला से पहले बजरंगनगर में नियाज अहमद अपनी महिंद्रा बोलेरो पर डीजे लगाकर अन्य डीजे से अधिक तेज आवाज में बजाने की प्रतिस्पर्धा कर रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा मना करने पर वह विवाद करने लगा, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका थी।सूचना पर उपनिरीक्षक जावेद खान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा समझाने और डीजे की आवाज कम करने का निर्देश देने के बावजूद बात नहीं मानने पर नियाज अहमद पुत्र कासिम अली निवासी बजरंगनगर को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर चालानी रिपोर्ट एसडीएम न्यायालय खलीलाबाद भेज दी गई। वहीं, आवश्यक वाहन कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर डीजे लगी बोलेरो संख्या ब्8ञ्ब्419 को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया।कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जावेद खान, कांस्टेबल मोहित वर्मा और कांस्टेबल आकाश कुमार यादव शामिल रहे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों में निर्धारित मानकों के अनुसार ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करें और तेज आवाज में डीजे बजाकर किसी को असुविधा न पहुंचाएं।